बैठक में जल संस्थान गोपेश्वर–चमोली के कनिष्ठ अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में दैवीय आपदा के अंतर्गत गोपेश्वर क्षेत्रान्तर्गत 28 प्राक्कलन प्रेषित किये गये, जिसमें 11 प्राक्कलन स्वीकृत हुए हैं। वित्तीय वर्ष 2021–22 में गोपेश्वर क्षेत्रान्तर्गत 28 प्राक्कलन स्वीकृत हुए थे, जिसमें 27 प्राक्कलनों पर स्थल पर कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 1 प्राक्कलन पर स्थल पर निर्माण कार्य गतिमान है। इसी प्रकार घाट क्षेत्रान्तर्गत 32 प्राक्कलन तैयार किये गये हैं, जिसमें तहसील स्तर से सत्यापन की प्रक्रिया गतिमान है। गत वित्तीय वर्ष 2021–22 में दैवीय आपदा अन्तर्गत घाट क्षेत्रान्तर्गत 35 प्राक्कलन स्वीकृत हुए थे, जिसमें 30 प्राक्कलनों पर स्थल पर कार्य पूर्ण कर दिया गया है तथा 5 प्राक्कलनों पर स्थल पर निर्माण कार्य गतिमान है। तहसील घाट में पीने का जल स्वच्छ न होने के संबंध में चर्चा की गयी, तहसील घाट में पेयजल के आपूर्ति टैंकों में फिल्टर न होने के कारण तहसील घाट क्षेत्रान्तर्गत दूषित/अस्वच्छ पेयजल की आपूति हो रही है। जनहित/जनसुरक्षा के दृष्टिगत स्वच्छ पेयजल की आपूति किया जाना अत्यंत आवश्यक है। तहसीलदार चमोली को निर्देशित किया जाता है कि तहसील स्तर पर गतिमान प्राक्कलनों का शीघ्र सत्यापन पर सत्यापन आख्या प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें एवं अधिशासी अभियंता, जल संस्थान गोपेश्वर–चमोली से अपेक्षा की जाती है कि दैवीय आपदा के अंतर्गत स्वीकृत प्राक्कलनों के अनुसार क्षतिग्रस्त स्थलों पर शीघ्र गुणवत्तापूर्ण सुरक्षात्मक/निर्माण कार्य प्रारंभ करायें तथा तहसील घाट अंतर्गत स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करायें।

**( कार्य0– अधिशासी अभियंता, जल संस्थान गोपेश्वर–चमोली/तहसीलदार चमोली )**

9. विकासखण्ड दशोली/नन्दानगर/कर्णप्रयागः–

बैठक के दौरान सहायक खण्ड विकास अधिकारी, विकासखण्ड दशोली द्वारा अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में दैवीय आपदा के अंतर्गत विकासखण्ड दशोली अन्तर्गत 07 प्राक्कलन स्वीकृत हुए हैं। वित्तीय वर्ष 2021–22 में विकास खण्ड दशोली अन्तर्गत 88 प्राक्कलन स्वीकृत हुए थे, जिसमें 61 प्राक्कलनों पर स्थल पर कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 27 प्राक्कलन पर स्थल पर निर्माण कार्य गतिमान है। इसी प्रकार विकासखण्ड नन्दानगर अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में 13 प्राक्कलन स्वीकुत हुए हैं। वित्तीय वर्ष 2021–22 में गोपेश्वर क्षेत्रान्तर्गत 48 प्राक्कलन स्वीकृत हुए थे, जिसमें 47 प्राक्कलनों पर स्थल पर कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 1 प्राक्कलन पर स्थल पर निर्माण कार्य गतिमान है। 32 प्राक्कलन तैयार किये गये हैं, जिसमें तहसील स्तर से सत्यापन की प्रक्रिया गतिमान है। गत वित्तीय वर्ष 2021–22 में दैवीय आपदा अन्तर्गत घाट क्षेत्रान्तर्गत 35 प्राक्कलन स्वीकृत हुए थे, जिसमें 30 प्राक्कलनों पर स्थल पर कार्य पूर्ण कर दिया गया है तथा 5 प्राक्कलनों पर स्थल पर निर्माण कार्य गतिमान है। इसी प्रकार विकासखण्ड कर्णप्रयाग अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में दैवीय अपदा के अन्तर्गत कोई प्राक्कलन प्रेषित नहीं किया गया है। गत वर्ष 2021–22 में विकास खण्ड कर्णप्रयाग अन्तर्गत 02 प्राक्कलन स्वीकृत हुए थे, जिनमें स्थल पर कार्य पूर्ण हो चुका हैं। खण्ड विकास अधिकारी दशोली/नन्दानगर/कर्णप्रयाग को निर्देशित किया जाता है कि दैवीय आपदा के अंतर्गत स्वीकृत प्राक्कलनों के अनुसार क्षतिग्रस्त स्थलों पर शीघ्र गुणवत्तापूर्ण सुरक्षात्मक/निर्माण कार्य प्रारंभ करायें।

**(कार्य0– खण्ड विकास अधिकारी, दशोली/नन्दानगर/कर्णप्रयाग )**

10. वन विभागः–

बैठक के दौरान वन क्षेत्राधिकारी, बद्रीनाथ वन प्रभाग द्वारा अवगत कराया गया कि 2022–23 में दैवीय आपदा अन्तर्गत 05 प्राक्कलन स्वीकृत हुए हैं, जिन पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। गत वित्तीय वर्ष में कोई भी प्राक्कलन प्रेषित नहीं किया गया था। इसी प्रकार केदारनाथ वन प्रभाग अंतर्गत दैवीय आपदा अन्तर्गत 2022–23 में 1 प्राक्कलन तैयार कर उच्च स्तर पर प्रेषित किया गया है, जिस पर स्वीकृति आतिथि तक प्राप्त नहीं हुई है। गत वित्तीय वर्ष 2021–22 में 2 प्राक्कलन स्वीकृत हुए थे, जिस पर स्थल पर निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। बैठक के दौरान सैंचुरी जोन एवं ईको सेंस्टिव जोन के संबंध में भी चर्चा की गयी। प्रभागीय वनाधिकारी वन प्रभाग बद्रीनाथ/केदारनाथ से अपेक्षा की जाती है सैंचुरी जोन/ईको सेस्टिव जोन में प्रतिबंधित गतिविधियों/सीमा के संबंध में गाईडलाईन तत्काल इस कार्यालय को प्रेषित किये जाने हेतु संबंधित को निर्देशित करें एवं दैवीय आपदा के अंतर्गत स्वीकृत प्राक्कलनों के अनुसार स्थल पर गुणवत्तापूर्ण कार्य करायें।

**(कार्य0– प्रभागीय वनाधिकारी वन प्रभाग बद्रीनाथ/केदारनाथ)**

इसके अतिरिक्त उपरोक्त समस्त अभियंत्रण विभागों के उपस्थित प्रतिनिधि/अभियंताओं से अपेक्षा की गयी कि दैवीय आपदा के अन्तर्गत प्रेषित किये जाने वाले ऐसे सम्स्त आगणन/प्राक्कलन, में संबंधित कार्यदायी संस्था के सत्यापन अधिकारी द्वारा लोकेशन प्रदर्शित फोटोग्राफ अवश्यमेव संलग्न किया जाए तथा

संबंधित राजस्व उप निरीक्षक द्वारा भी उक्त स्थल के सत्यापन के दौरान लोकेशन प्रदर्शित फोटोग्राफ संलग्न किया गया जाए।

(कार्य0— तहसीलदार/नायब तहसीलदार चमोली/नंदप्रयाग/घाट एवं उपरोक्त समस्त अभियंत्रण विभाग)

बैठक के अन्त में उपस्थित अभियंता/कार्मिकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये उक्तानुसार सौपें गये दायित्वों के अनुसार अवरूद्ध मोटर मार्गों को तत्काल खोले जाने व इस निमित्त आवश्यक संसाधन 24X7 समय क्रियाशील स्थिति में रखे जाने एवं ससमय आगणन उच्च स्तर को प्रेषित किये जाने अपेक्षा की गयी और तत्पश्चात बैठक का समापन्न किया गया।

डा0 ( दीपक सैनी )आई.ए.एस.
संयुक्त मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी(सदर),
चमोली।

कार्यालय उप जिलाधिकारी(सदर) चमोली।

संख्याः 85 /एस0पी0ए0/स0बै0दै0आ0/कार्यवृत्त/2022 दिनॉकः चमोली : 25 नवम्बर, 2022

प्रतिलिपि— निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. जिलाधिकारी महोदय चमोली।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, वन प्रभाग बद्रीनाथ/केदारनाथ।
3. महाप्रबंधक, टीएचडीसी परियोजना पीपलकोटी।
4. अधिशासी अभियंता, प्रा0ख0 लो0नि0वि0 गोपेश्वर।
5. अधिशासी अभियंता, प्रा0ख0 लो0नि0वि0 कर्णप्रयाग।
6. अधिशासी अभियंता, जल संस्थान गोपेश्वर—चमोली।
7. अधिशासी अभियंता, सिंचाई/लघु सिचाई खण्ड चमोली।
8. अधिशासी अभियंता, पीएमजीएवाई पोखरी/कर्णप्रयाग—2।
9. तहसीलदार चमोली/नायब तहसीलदार नंदप्रयाग/घाट।
10. परियोजना प्रबंधक, एनपीसीसी नंदप्रयाग।
11. खण्ड विकास अधिकारी, विकासखण्ड दशोली/नंदानगर/कर्णप्रयाग।
12. समस्त राजस्व उप निरीक्षक, तहसील चमोली/नंदप्रयाग/घाट।

संयुक्त मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी(सदर),
चमोली।

उत्तराखण्ड शासन

# कार्यालय जिलाधिकारी , चमोली

फोन नम्बर– 01372–252102
–252176
E mail id – dm-cha-ua@nic.in
oc.co.chamoli@gmail.com

**भ्रमण तिथि परिवर्तन सूचना**

संख्या 219 / नौ– भ्रमण (जि0अ0) – 2022 गोपेश्वर : दिनांक : 02 अगस्त 2022

1. ज्वाइंट मजिस्ट्रेट , चमोली
2. मुख्य चिकित्सा अधिकारी , चमोली
3. जिला विकास अधिकारी , चमोली
4. अधिशासी अभियन्ता , प्रान्तीय खण्ड , लोनिवि , कर्णप्रयाग
5. अधिशासी अभियन्ता , उत्तराखण्ड ऊर्जा निगम , गोपेश्वर
6. अधिशासी अभियन्ता , उत्तराखण्ड जल संस्थान , गोपेश्वर
7. परियोजना प्रबन्धक , एनपीसीसी , कर्णप्रयाग
8. मुख्य शिक्षा अधिकारी , चमोली
9. जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक) चमोली
10. तहसीलदार , घाट
11. जिला सूचना अधिकारी , चमोली
12. जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी , चमोली

कृपया इस कार्यालय के पूर्व प्रेषित पत्र संख्या–212 / नौ–भ्रमण (जि0अ0)–2022 दिनांक 30.07.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें , जिसके अनुसार दिनांक 06.08.2022 को ग्राम मोखमल्ला विकास खण्ड नन्दानगर के भ्रमण की सूचना प्रेषित की गयी है ।

उक्त के कम में अवगत करना है कि अपरिहार्य परिस्थितियों के दृष्टिगत ग्राम मोखमल्ला का भ्रमण अब **दिनांक 06.08.2022 के स्थान पर दिनांक 13.08.2022 को किया जायेगा ।**

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि अब आप दिनांक **13.08.2022 को पूर्वाह्न** 11.00 **बजे स्थान** मौके में अपने विभाग से सम्बन्धित अद्यतन सूचनाओं के साथ स्वयं उपस्थित रहने का कष्ट करें ताकि तदनुसार भ्रमण एव निरीक्षण कार्य सम्पन्न हो सके ।

( हिमांशु खुराना )
जिला अधिकारी ,
चमोली

02/08/2022

| Block | Unconnected Habitations as per Core Network: Habitation Name with Population | Census Code | Habitation Code | As per Core Network Alignment: Name of Road with Road No | Length (Km) | Modified Alignment: Name of Proposed Road | Approx Length (Km) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible]-Malari motor road [illegible] | [illegible] | [illegible] Motor Road | [illegible] |
| Dewal | Devsari (638) | 165600 | 268 | Gwaldam-Nandkesri Motor Road (L030) | 1.00 | Nandkeshri-Gwaldam Motor Road Km 01 to Devsari Motor Road | 9.00 |
| Karanprayag | Siran (583) | 00117600 | 10 | Delhi-Rishikesh Badrinath Mana Motor Road 101 (NH 58) | 37.00 | Chattyala (chatwa pipal) to Siran Motor Road | 7.00 |
| Ghat | Lakhee (1359) | 00101400 | 351 | Ghat to Tharali Motor Road L035 | 16.50 | Ustoli to Sarpani Lakhee Motor Road | 8.00 |
| Ghat | Sarpani (302) | 00101000 | 347 | | | | |
| Ghat | Syari (1102) | 00102100 | 358 | | | Ghat Tharali Motor Road KM 13 to Syari Motor Road | 3.00 |
| Ghat | Jakhni (645) | 00095500 | 273 | Nandprayag Ghat Motor Road T01(ODR) | 9.00 | Nandprayag Ghat Motor Road KM 15 to Jakhni Motor Road | 4.50 |
| Joshimath | Tangni Malli (325) | 23600 | 325 | Delhi-Gaziabad-Haridwar-Joshimath-Mana motor road 102(NH 58) | 83.00 | Tangani Talli to Tangani Malli Motor Road | 3.00 |
| Gairsain | Kolani (305) | 193400 | 138 | Bungidhar Mehalchauri-Bachuwaban Motor Road (T01) ODR | 54.50 | Kot-Lambager motor Road (L027) Km 04 to Kolani Motor Road | [illegible] |
| Ghat | Mokh Malla (612) | 00102100 | 341 | Sera Ashid to Narayan Bhagar, L037 | 5.00 | Dhuma Kundi Motor Road KM 2 to Mokh Malla Motor Road | 5.00 |
| Bhilangana | Kot (278) | 00291800 | 150 | Ghansli-Panwali-Akhori Motor Road L022 | 38.35 | Ghansli-Panwali-Akhori Rd. KM 16 to Kot Motor road | 8.00 |
| Bhilangana | Kothar (405) | 00277200 | 134 | Ghansali-Ghutto Motor Road L040 | 31.30 | Ghansali-Ghutto- Rd. KM. 14 to Kothar Motor Road. | 3.00 |
| Bhilangana | Dyunj (269) | 00275300 | 67 | | | Ghansali-Ghuttu Rd. KM. 30 to Dyung Motor Road. | 2.50 |
| Bhilangana | Vema (279) | 00272800 | 267 | | | Ghansali-Ghuttu Rd. KM 26 to Veena Motor Road. | 6.00 |
| Thauldhar | Gajmer (452) | 412500 | 55 | Chamba-Dharasu Motor Road T02 (SH 53) | 25.00 | Chamba-Uttarkashi Motor Road Km 72.00 (Piple Mandi) to Gajmer | 5.00 |
| [illegible] | [illegible] (274) | 00286800 | 260 | Chamba-Dharasu Motor Road T02 (SH 53) | 25.00 | Ghansali-Tilwara MR to [illegible] Motor road | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] (405) | [illegible] | 115 | Raipur - Kumalda to Kaddu Khal Motor Road 102 (ODR) | 64.28 | R.K.K. Motor Road Km [illegible] to [illegible] Motor Road | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] (474) | [illegible] | 151 | | | R.K.K. Motor Road Km 55.00 to Satyol M[illegible] Road | 7.00 |

महत्त्वपूर्ण

ग्राम्य विकास विभाग
उत्तराखण्ड शासन
देहरादून

संख्या: 56|० /पी3–14(II.b)/यू.आर.आर.डी.ए./18 | दिनांक: 31 जनवरी, 2018

## कार्यालय ज्ञाप

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत 250 से अधिक जनसंख्या की बसावटें, जो कोर नेटवर्क में त्रुटिवश संयोजित दर्शायी गयी है, किन्तु वास्तव में धरातलीय स्तर पर असंयोजित है, ऐसी 93 चिन्हित बसावटों को बारहमासी सम्पर्क मार्गों से संयोजित करने हेतु संलग्न परिशिष्ट–क के अनुसार 86 मोटर मार्ग, अनुमानित लम्बाई 529.31 किमी0 की सूची तैयार की गयी है। इन मार्गों के विस्तृत सर्वेक्षण तथा मार्गों के समरेंखण में पड़ने वाली वनभूमि एवं नापभूमि के हस्तान्तरण हेतु प्रस्ताव तैयार कराकर पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार व राजस्व विभाग को प्रेषित किये जाने एवं एन0आर0आर0डी0ए0, भारत सरकार के अद्यतन निर्देशानुसार डी0पी0आर0 गठन हेतु प्रशासनिक स्वीकृति प्रदत्त की जाती है। डी0पी0आर0 गठित करते समय यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि मार्ग का समरेंखण कोर नेटवर्क के अनुरूप हो, यदि समरेंखण कोर नेटवर्क के अनुरूप नहीं है, तो सम्बन्धित जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिलाधिकारी एवं मा0 सांसद महोदय से समरेंखण का सत्यापन तथा सर्वे ऑफ इण्डिया के मानचित्र में मार्ग के समरेंखण की स्थिति स्पष्ट करते हुए कोर नेटवर्क संशोधन प्रस्ताव Geo-Tagged Photographs & .kml file तत्काल उपलब्ध कराते हुए डी0पी0आर0 गठित की जायें। तत्पश्चात् इन मार्गों के निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति ग्रामीण विकास विभाग, भारत सरकार से प्राप्त होने पर पृथक से जारी की जायेंगी।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

संलग्नक: यथोपरि।

प्रमुख सचिव,
ग्राम्य विकास विभाग

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड।
2. मुख्य अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0, कुमाऊ क्षेत्र, अल्मोड़ा एवं गढ़वाल क्षेत्र, देहरादून।
3. अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वनभूमि सर्वेक्षण निदेशालय, इन्दिरानगर, देहरादून।
4. मुख्य विकास अधिकारी, अल्मोड़ा, बागेश्वर, नैनीताल, पिथौरागढ़, चम्पावत, चमोली, टिहरी, रूद्रप्रयाग एवं पौड़ी गढ़वाल।
5. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0 वृत्त, उत्तराखण्ड।
6. समस्त अधिशासी अभियन्ता, पी0आई0यू0 (पी0एम0जी0एस0वाई0), उत्तराखण्ड।

प्रमुख सचिव,
ग्राम्य विकास विभाग

Scanned by CamScanner

आई.एस.ओ. 9001:2008 प्रमाणित
ISO 9001:2008 CERTIFIED

राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास एजेंसी
(ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार)
National Rural Roads Development Agency
(Ministry of Rural Development, Govt. of India)
5th Floor, 15-NBCC Tower, Bhikaji Cama Place, New Delhi - 110 066

Dr. I.K. Paleriya
Director (Technical)
Tel No: 26179557
Fax No: 26179555
Email: ik.paleriya@nic.in

LR# NRRDA-P012(14)/1/2018-(Tech)

Date: 28.06.18

References:
1. Letter No. 113 (A)/P-19(CN Correction)/URRDA/18 dated 19.04.2018
2. Email dated 16.05.2018
3. Letter no. 490/P-19(CN Correction)/URRDA/18 dated 26.05.2018
4. Letter No. 594/P-19(CN Correction)/URRDA/18 dated 04.06.2018

Sir,

This has reference to letters as detailed in references requesting to sanction the roads in order to provide connectivity to 93 habitations which were wrongly shown as connected and also wrongly located during the preparation of Core Network.

2. In this regard, State has submitted Geo-tagged photographs and .kml file for the roads. The same has been verified and the observations of NRRDA have been communicated to State. The State has submitted compliance on the observations of NRRDA and requested to issue necessary permission to correct the connectivity status of those 113 habitations from 'Connected' to 'Unconnected' in CN and OMMAS as well and also requested permission to prepare and submit the DPRs for connecting those 113 habitations under PMGSY.

3. In view of the above, I am directed to inform that with the approval of competent authority the request of the state has been agreed to. You are requested to get the approval from the Gram Panchayat, Zilla Panchayat and SLSC for such revisions in due course and a copy of the same should be shared with NRRDA/MoRD.

4. Further state is requested to update the Core Network DATA on Maps as well as on OMMAS and also upload the proposals on OMMAS.

This if for information and further necessary action at your end.

Thanking You,

Yours sincerely,

(I.K. Paleriya)

Shri K.K. Srivastava,
Chief Engineer, PMGSY
URRDA, Ist Floor, Directorate of Panchayati Raj,
Opp. I. T. Park, Sahastra Dhara Road, Dehradun,
UTTARAKHAND

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 54 | Tharali | UT03117 | Tharali-Kukrar MR to Gunad Laga Gerud, L035 | II | 3.000 | 180.16 | 2.31 | 2.29 | 4.70 | 2.37 | 8.0[illegible] | [illegible] |
| 55 | Tharali | UT03118 | Tharali to Paingadh, L022 | II | 11.725 | 697.02 | 8.42 | 7.31 | 17.28 | 7.00 | 29.93 | [illegible] |
| 56 | Dewal | UT03122 | Choting to Udaypurlagachotri, L033 | II | 11.800 | 686.84 | 7.18 | 6.90 | 16.77 | 6.50 | 29.69 | 6 |
| 57 | Dewal | UT03123 | Bauragarh-Chaur M.R. Km 3 to Kothiyara, L032 | II | 3.250 | 168.02 | 1.84 | 1.83 | 4.77 | 1.89 | 8.49 | 1 |
| 58 | Dewal | UT03475 | Dewal to Kheta M/R Km 10 to Mopata, L034 | II | 5.100 | 306.73 | 3.12 | 2.85 | 7.23 | 2.86 | 13.16 | 2 |
| 59 | Dewal | UT03170 | Tharali Dewal Mundali (T01) Km 17 to Tajpur Laga Kandai, L035 | II | 5.000 | 300.78 | 3.09 | 2.68 | 7.02 | 2.60 | 12.64 | 2[illegible] |
| 60 | Ghat | UT03155 | Chooragaad to Sutol Kanol, L033 | II | 11.600 | 652.49 | 8.78 | 8.61 | 16.84 | 7.95 | 17.70 | 5[illegible] |
| 61 | Ghat | UT03555 | Nandprayag-Ghat Motor Road Km 15 to Jakhni, L046 | II | 4.325 | 234.01 | 3.28 | 3.21 | 6.28 | 2.96 | 6.60 | 2[illegible] |
| 62 | Ghat | UT03152 | Dhuma-Kundi M.R. Km 2 to Mokh Malla, L047 | II | 5.000 | 265.45 | 3.79 | 3.71 | 7.26 | 3.42 | 7.63 | 25 |
| 63 | Ghat | UT0372 | Ghat-Tharali Motor Road Km 10 to Syari, L045 | II | 1.875 | 93.46 | 1.42 | 1.39 | 2.72 | 1.29 | 2.86 | 9 |
| 64 | Ghat | UT03101 | Ustoli to Sarpani-Lakhee, L044 | II | 6.875 | 359.28 | 5.21 | 5.10 | 9.98 | 4.71 | 10.49 | 35 |
| 65 | Pokhari | UT3256 | Kalsir to Nail Nauli, L032 | II | 10.225 | 644.03 | 7.71 | 7.57 | 14.81 | 6.97 | 15.57 | 52 |
| 66 | Joshimath | UT03251 | Tapovan-Reengi M.R. to Subhai (Bhavishyabadri), L032 | II | 14.250 | 853.63 | 14.23 | 14.15 | 27.24 | 13.66 | 29.27 | 98 |
| 67 | Joshimath | UT03252 | Tangani Talli to Tangani Malli, L033 | II | 4.650 | 257.70 | 4.64 | 4.62 | 8.89 | 4.46 | 9.55 | 32 |
| 68 | Gairsain | UT-03-23 | 48M. Span Steel Girder Bridge at Km 1 of Bungidhar-Mehalchauri-Bachuwabaan MR Km 12 to Kolani MR, L050 | Bridge | - | 338.61 | 2.33 | 2.33 | 2.33 | 2.33 | 2.34 | 11 |
| 69 | Gairsain | UT-03-24 | 30M. Span Steel Girder Bridge at Km 3 of Devaldhar (Diwagad) to Kandarikhor, L026 | Bridge | - | 265.11 | 1.60 | 1.60 | 1.60 | 1.60 | 1.61 | 8. |
| 70 | Gairsain | UT-03-25 | 30M. Span Steel Girder Bridge at Km 7 of Bungidhaar Mehalchauri - Bachuwaban Motor Road Km 42 to Devpuri, L053 | Bridge | - | 248.47 | 1.60 | 1.60 | 1.60 | 1.60 | 1.61 | 8. |
| 71 | Gairsain | UT-03-26 | 48M. Span Steel Girder Bridge at Km 7 of Bungidhaar Mehalchauri - Bachuwaban Motor Road Km 42 to Devpuri, L053 | Bridge | - | 322.22 | 2.33 | 2.33 | 2.33 | 2.33 | 2.35 | 11 |
| 72 | Gairsain | UT-03-27 | 24M. Span Steel Girder Bridge at Km 4 of Bungidhaar Mehalchauri - Bachuwaban Motor Road Km 42 to Devpuri, L053 | Bridge | - | 197.21 | 1.32 | 1.32 | 1.32 | 1.32 | 1.32 | 6. |
| 73 | Gairsain | UT-03-28 | 36M. Span Steel Girder Bridge at Km 1 of Bakarya Band to Chhimta, L038 | Bridge | | 351.09 | 1.88 | 1.88 | 1.88 | 1.88 | 1.90 | 9 |
| 74 | Gairsain | UT-03-29 | 36M. Span Steel Girder Bridge at Km 1 of Jangalchatti to Sirana, L039 | Bridge | - | 248.56 | 1.88 | 1.88 | 1.88 | 1.88 | 1.90 | 9. |
| 75 | Gairsain | UT-03-30 | 24M. Span Steel Girder Bridge at Km 1 of Dewaldhar to Kalchunda, L025 | Bridge | - | 156.89 | 1.32 | 1.32 | 1.32 | 1.31 | 1.32 | 6 |

Chief Engineer
U.R.R.D.A.

Chief Executive Officer
U.R.R.D.A.

Addl. Chief Secretary
Rural Development

भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग,
चमोली एवं रूद्रप्रयाग

सेवा में,

प्रबन्धक,
एन पी सी सी
उत्तराखण्ड कार्यालय, यू0पी0 जोन
देहरादून।

पत्रांक : 261 / भू0खनि0वि0 / मोटर मार्ग–5 / 2023–24 दिनांक 6 जुलाई 2023

विषय : **पी एम जी एस वाई के अन्तर्गत कि0मी0 02 से मोख मल्ला मोटर रोड पर भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के सम्बन्ध मे।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक आपके पत्र संख्या NPCC/PMGSY/37 दिनांक 26.06.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा पी एम जी एस वाई के अन्तर्गत कि0मी0 01 मे कि.मी. 0.00 से 0.900 के मध्य लगभग 250–300 मीटर मोटर मार्ग पूर्ण रूप से वाश आउट होने के कारण व वाश आउट भाग का मरम्मत एवं पुर्ननिर्माण कर मोटर मार्ग का उपयोग मे लाना सम्भव नही होने के कारण उक्त समरेखण का भूवैज्ञानिक निरीक्षण किये जाने की अपेक्षा की गयी है। उक्त के क्रम मे प्रस्तावित मोटर मार्ग क्षेत्र का क्षेत्रीय निरीक्षण श्री नरेन्द्र तोकियाल, सहायक अभियंता, एन पी सी सी, कर्णप्रयाग की उपस्थिति मे किया गया, जिसकी क्षेत्रीय भूगर्भीय निरीक्षण आख्या निम्नवत् है :–

सन्दर्भित मोटर मार्ग समरेखण नन्दप्रयाग–नन्दानगर (घाट) मोटर मार्ग पर स्थित सेरा नामक स्थान से सेरा–कुण्डी–मोख मोटर मार्ग पर सेरा से लगभग 03 कि0मी0 की दूरी पर मोक्ष नदी के बांये ऊपरी पहाडी ढाल पर स्थित है। सन्दर्भित समरेखण लगभग उत्तर–दक्षिण विस्तारित पहाडी पर स्थित है, जिसका पहाडी ढाल लगभग $40^0$ पूरबवत् है। उक्त समरेखण के आधार भाग पर उत्तर दिशा मे प्रवाहित मोक्ष नदी स्थित है, जहां समरेखण भाग से पूरबवत् दिशा मे प्रवाहित 02 प्राकृतिक पहाडी नालियां विकसित है, जिनके मध्य लगभग 15 मीटर की दूरी है। मोक्ष नदी के बांये भाग पर निर्माणाधीन मोटर मार्ग कटान पर बायोटाईट शिष्ट तथा हल्के स्लेटी तथा हरे स्लेटी रंग की क्वार्टजाईट चट्टान अवस्थित है, जिनकी विस्तार की दिशा उत्तर $20^0$ पश्चिम व नति $30^0$ उत्तर पूरबवत् तथा लगभग उत्तर–दक्षिण व नति $20^0$ पूरबवत् है। उक्त भाग मे पहाडी के ढाल की दिशा चट्टानों के ढाल की दिशा के समानान्तर है। उक्त चट्टानों के ऊपर मृदा आवरण क्षेत्र मे वर्णित मोटर मार्ग कटान तथा इसके ऊपरी व निचले ढाल पर मृदा स्खलन / भूस्खलन विकसित पाया गया। निरीक्षण के दौरान पहाडी ढाल पर विभिन्न कन्टूर लेवल पर कन्टूर के समानान्तर दरार व इसके सापेक्ष भूधंसाव पाया गया। उक्त वर्णित क्षेत्र एक भूस्खलन के रूप मे विकसित है, जहां विभिन्न स्तरों पर दरार व धंसाव होने की स्थिति मे उक्त दरार व धंसाव मे विस्तार होने पर इनके आपस मे मिलने तथा एक बडे भूस्खलन क्षेत्र के रूप मे विकसित होने की सम्भावना से इनकार नही किया जा सकता है। उपरोक्त के परिपेक्ष्य मे वर्णित समरेखण भाग भूगर्भीय दृष्टिकोण से स्थिर व उपयुक्त प्रतीत नही होता है।

आख्या सादर प्रेषित।

भवदीय,

उप निदेशक / भूवैज्ञानिक,
रूद्रप्रयाग / चमोली।

पृष्ठांक: / भू0खनि0वि0 / मोटर मार्ग–5 / 2023–24, तददिनांकित।
प्रतिलिपि: निम्न को सूचनार्थ सादर प्रेषित।
1. जिलाधिकारी महोदय, चमोली।
2. निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, भोपालपानी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

उप निदेशक / भूवैज्ञानिक,
रूद्रप्रयाग / चमोली।

कार्यालय भूवैज्ञानिक, भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई,
जिला टास्क फोर्स, चमोली एवं रुद्रप्रयाग

सेवा में,

प्रबन्धक,
एन पी सी सी
उत्तराखण्ड कार्यालय, गू0पी0 जोन
देहरादून।

पत्रांक : 148 जि0टा0फो0च0 / मोटर मार्ग–3 / 2023–24 दिनांक 22 मई 2023

विषय : पी एम जी एस वाई के अन्तर्गत कि0मी0 02 से मोख मल्ला मोटर रोड पर भू वैज्ञानिक सर्वेक्षण के सम्बन्ध मे।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक आपके पत्र संख्या NPCC/PMGSY/24 दिनांक 15.05.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा पी एम जी एस वाई के अन्तर्गत कि0मी0 02 से मोख मल्ला मोटर रोड का पुराना समरेखण उपयुक्त न होने पर नये समरेखण के लिए सुझाव की अपेक्षा की गयी है। उक्त के क्रम मे प्रस्तावित मोटर मार्ग क्षेत्र का क्षेत्रीय निरीक्षण श्री नरेन्द्र तोकियाल, सहायक अभियंता, एन पी सी सी, कर्णप्रयाग, श्री रविन्द्र सिंह, कनिष्ठ अभियंता, एन पी सी सी, नन्दप्रयाग तथा श्री सोबन सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य, मोख की उपस्थिति मे किया गया। क्षेत्रीय भूगर्भीय निरीक्षण आख्या निम्नवत् है :–

क्षेत्रीय निरीक्षण के दौरान एन पी सी सी के प्रतिनिधियो द्वारा नवीन समरेखण कि0मी0 0.0 से कि0मी0 0.750 के भाग का नवीन समरेखण मानचित्र उपलब्ध कराया गया व उक्त नवीन समरेखण भाग का क्षेत्रीय भूगर्भीय निरीक्षण किये जाने का अनुरोध किया गया। नवीन समरेखण का 0.0 कि0मी0 दुर्मा–कुण्डी मोटर मार्ग के कि0मी0 03 से प्रारम्भ होता है, जिसकी भौगोलिक स्थिति उत्तर 30°14'48.5'' व पूरब 79°23'59.48'' है। उक्त भाग मोक्ष नदी के दाए भाग मे ऊपरी पहाडी ढाल पर गीठा तोक के अन्तर्गत स्थित है। समरेखण भाग के लगभग मध्य भाग मे एक प्राकृतिक नाली स्थित है। कि0मी0 0.0 से उक्त प्राकृतिक नाली तक के भूभाग की पहाडी की दिशा उत्तर पूरब–दक्षिण पश्चिम है, जिसका पहाडी ढाल 40° से 45° उत्तर पश्चिमवत है। पहाडी ढाल पर क्लोरेटिक शिष्ट व सफेद क्वार्टजाईट चट्टानों के टुकडे अवस्थित है। उक्त भाग मे क्वार्टजाईट व शिष्ट चट्टान अन्तः संस्तरीय अवस्था मे विद्यमान है, जिनकी विस्तार की दिशा उत्तर 30° पश्चिम व नति 55° उत्तर पूरब व उत्तर–दक्षिण व नति 60° पूरबवत है। क्वार्टजाईट चट्टानों के मध्य पतले संस्तरों मे विद्यमान हरे क्लोरेटिक शिष्ट के कारण क्वार्टजाईट चट्टान प्लेटी संस्तरों मे अवस्थित है। समरेखण के मध्य भाग मे स्थित प्राकृतिक नाली से कि0मी0 0.750 की ओर प्राकृतिक नाली से लगभग 20 मीटर की दूरी पर सफेद क्वार्टजाईट चट्टानों की विस्तार की दिशा उत्तर 40° पश्चिम व नति 25° उत्तर पूरबवत है। इस भाग मे क्वार्टजाईट चट्टानों के मध्य क्लोरेटिक शिष्ट के संस्तर अपेक्षाकृत कम है। सफेद क्वार्टजाईट चट्टानों मे तीन दिशाओं मे संधितल विकसित है। उक्त नये प्रस्तावित समरेखण भाग कि0मी0 0.00 से कि0मी0 0.750 भाग मे स्वस्थाने चट्टाने विद्यमान है, जिसके ऊपर क्लोरेटिक शिष्ट क्वार्टजाईट के टुकडे युक्त मृदा का आवरण है। उक्त समरेखण भाग से लगभग 100 मीटर निचले स्तर पर प्राकृतिक नाली के बांये भाग पर स्थित क्वार्टजाईट चट्टानों की विस्तार की दिशा उत्तर 30° पश्चिम व नति 65° उत्तर पूरब तथा दाहिने भाग पर स्थित चट्टानों के विस्तार की दिशा उत्तर 10° पश्चिम व नति 25° उत्तर पूरबवत् है। समरेखण भाग मे कुछ स्थानों पर चट्टानों के ढाल की दिशा पहाडी ढाल की दिशा के लगभग समानान्तर है। ऐसे भागों मे मोटर मार्ग की सुरक्षा हेतु विशेष सावधानियां / अभियांत्रिकी उपाय किये जाने होंगे।

Scanned with OKEN Scanner

क्षेत्रीय निरीक्षण के दौरान एन पी सी सी के उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि कि0मी0 0.750 के बाद उक्त समरेखण पूर्ववर्ती समरेखण भाग मे है।

सन्दर्भित मोख मल्ला मोटर मार्ग के वर्णित नवीन समरेखण कि0मी0 0.00 से कि0मी0 0.750 का निर्माण किये जाने के दौरान मोटर मार्ग तथा पहाडी ढाल की सुरक्षा हैतु निम्नलिखित सुरक्षात्मक अभियांत्रिकी उपाय किये जाने आवश्यक होगे :–

1. मोटर मार्ग निर्माण कार्य मे विस्फोटको का प्रयोग कदापि न किया जाय।
2. मोटर मार्ग कटान किये जाने के उपरान्त मार्ग क्षेत्र को लम्बी अवधि तक विना धारक दीवार निर्माण किये छोडे जाने पर ऊपरी व निचले भाग से मृदा स्लखन की सम्भावना से इनकार नही किया जा सकता है। मोटर मार्ग कटान के साथ–साथ कटान किये गये भाग के ऊपरी व निचले पहाडी ढाल पर स्थल विशेष की भार ग्राह्य क्षमता के अनुसार धारक दीवार का निर्माण किया जाय।
3. वर्णित समरेखण भाग के मध्य स्थित प्राकृतिक नाली का उपचार किया जाय व इसमे अवरोध रहित जल प्रवाह सुनिश्चित किया जाय।
4. कटान किये गये मोटर मार्ग के ऊपरी भाग पर पक्की नालियों का निर्माण कर एकत्रित जल का सुरक्षित निस्तारण क्षेत्र से दूर सुरक्षित स्थान पर किया जाय।

उपरोक्त वर्णित सुरक्षात्मक सुझाव एवं शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किये जाने की दशा मे वर्णित समरेखण भाग प्राकृतिक आपदाओं को छोडकर भूगर्भीय दृष्टिकोंण से मोटर मार्ग निर्माण हेतु उपयुक्त प्रतीत होता है।

अतः आख्या सादर प्रेषित।

भवदीय,

(हस्ताक्षर)

उप निदेशक / भूवैज्ञानिक,
रूद्रप्रयाग / चमोली।

पृष्ठांकः 148 / जि0टा0फो0च0 / रू0 / मोटर मार्ग–3 / 2022–23, तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ सादर प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महादेय, चमोली।
2. निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, उद्योग निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून।

(हस्ताक्षर)

उप निदेशक / भूवैज्ञानिक,
रूद्रप्रयाग / चमोली।

Scanned with OKEN Scanner

भारत सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर–मध्य क्षेत्र)
25 सुभाश रोड, देहरादून–248001
दूरभाश: 0135–2650809
फैक्स–0135–2653010
ईमेल - moef.ddn@gov.in

सत्यमेव जयते

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST & CLIMATE CHANGE
REGIONAL OFFICE (NORTH CENTRAL ZONE)
25 SUBHASH ROAD, DEHRADUN-248001
PHONE- 0135-2650809
FAX- 0135-2653010
Email- moef.ddn@gov.in

पत्र सं0 8बी/यू0सी0पी0/06/111/2019/एफ0सी0/884

दिनांक: 7/08/2020

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव (वन),
उत्तराखण्ड शासन,
सुभाष रोड, देहरादून।

विषय : जनपद – चमोली में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत धुर्मा–कुण्डी मोटर मार्ग के कि0मी0 2 से मोख मल्ला तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 3.275 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु ग्राम्य विकास विभाग को प्रत्यावर्तन।

सन्दर्भः अपर सचिव, उत्तराखण्ड शासन की पत्र संख्या– 731/x-4-19/1(78)/2019 दिनांक 01.08.2019

महोदय,

उपरोक्त विषय पर Online Proposal No FP/UK/ROAD/38079/2019 एवं अपर सचिव, उत्तराखण्ड शासन के सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विषयांकित प्रस्ताव पर केन्द्र सरकार से वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 की धारा–2 के तहत स्वीकृति मांगी थी।

प्रश्नगत प्रकरण में इस कार्यालय द्वारा समय–समय पर अतिरिक्त सूचनाये चाही गयी थी, जिसकी अन्तिम अनुपालना अपर प्रमुख मुख्य वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी (एफ.सी.ए.), उत्तराखण्ड के समसंख्यक पत्र दिनांक 29.07.2020 द्वारा प्रेषित कर दी गई है। प्रस्ताव पर ध्यानपूर्वक विचार करने के उपरांत केन्द्र सरकार – **जनपद – चमोली** में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत धुर्मा–कुण्डी मोटर मार्ग के कि0मी0 2 से मोख मल्ला तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 3.275 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु ग्राम्य विकास विभाग को प्रत्यावर्तन किये जाने की **सैद्धान्तिक स्वीकृति** निम्नलिखित शर्तों पर प्रदान करती है:–

1. वन भूमि की विधिक परिस्थिति नहीं बदली जाएगी।
2. परियोजना के लिए आवश्यक गैर वन भूमि प्रयोक्ता अभिकरण को सौंपे जाने के बाद ही वन भूमि सौंपी जाएगी।
3. **प्रतिपूरक वनीकरणः**

क ) वन विभाग द्वारा प्रयोक्ता अभिकरण की लागत पर 6.551 हे0 गैर वानिकी भूमि ग्राम कुण्डी सिविल खसरा नं0 1595 रक्बा 5.035 हे0 , 1600 रक्बा 0.421 हे0, 1601 रक्बा 0.133 हे0, 1612 रक्बा 0.678 हे0, 1621 रक्बा 0.284 हे0 में प्रतिपूरक वनीकरण किया जाएगा। जहां तक व्यावहारिक हो, स्थानीय स्वदेशी प्रजातियों को लगाया जाए तथा प्रजातियों की एकल कृषि से बचें।

ख) रोपण के समय कम से कम 50 प्रतिशत 'ओक' प्रजाति के पौधों का रोपण किया जायेगा।

ग) गैर वानिकी भूमि को राज्य वन विभाग के पक्ष में हस्तांतरित एवं रूपांतरित किया जाएगा। भूमि के हस्तान्तरण, नामान्तरण एवं Notification करने के पश्चात् ही इस कार्यालय द्वारा विधिवत स्वीकृति प्रदान की जायेगी। guideline para 2.4 (i) के अनुसार ऐसे क्षेत्र जो वन विभाग के स्वामित्व से बाहर है एवं प्रतिपूरक वनीकरण हेतु विभिन्न प्रस्तावों में प्रस्तुत किये गये है को वन विभाग के पक्ष में हस्तान्तरण एवं नामान्तरण करने के पश्चात् भारतीय वन अधिनियम, 1927 के अंतर्गत विधिवत् स्वीकृति से पूर्व आरक्षित/संरक्षित वन घोषित किया जाना आवश्यक है।

घ) वन मंडल अधिकारी द्वारा अतिरिक्त प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किया जायेगा की उक्त सी.ए. क्षेत्र पर पूर्व में किसी भी अन्य योजना के तहत वृक्षारोपण कार्य नहीं किया गया है।

4. **शुद्ध वर्तमान मूल्य**

(क) इस संबंध में भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के WP (C) संख्याः 202/1995 में IA नंबर 556 दिनांक 30.10.2002, 01.08.2003, 28.03.2008, 24.04.2008 एवं 09.05.2008 तथा मंत्रालय द्वारा पत्रांक 5–1/1998–एफ.सी. (Pt. 2) दिनांक 18.09.2003, 5–2/2006–एफ.सी. दिनांक 03.10.2006 एवं 5–3/2007–एफ.सी. दिनांक 05.02.2009 में जारी दिशानिर्देशानुसार राज्य सरकार प्रयोक्ता अभिकरण से इस प्रस्ताव के तहत 3.275 हे0 वन क्षेत्र के प्रत्यावर्तन के लिए शुद्ध वर्तमान मूल्य वसूल करेगी।

(ख) विशेषज्ञ समिति से रिपोर्ट प्राप्त होने पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रत्यावर्तित वन भूमि के शुद्ध वर्तमान मूल्य की अतिरिक्त राशि, यदि कोई हो, जो अंतिम रूप देने के बाद देय हो, को राज्य सरकार द्वारा प्रयोक्ता अभिकरण से वसूला जाएगा। प्रयोक्ता अभिकरण इसका एक शपथपत्र प्रस्तुत करेगा।

5. प्रयोक्ता अभिकरण प्रत्यावर्तित वन भूमि में पेड़ों की कटाई को न्यूनतम कर देगा जिनकी संख्या प्रस्ताव के अनुसार 206 वृक्षों से अधिक नहीं होगी एवं पेड़ राज्य वन विभाग के सख्त पर्यवेक्षण में कटेंगे। प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा राज्य वन विभाग के पास पेड़ों की कटाई की लागत जमा की जाएगी।
6. State Govt. will inform to this office if they pass any order for tree cutting and commencement of work before stage II approval as per guidelines para 11.2. The State Govt. will strictly monitor and ensure that no further activity is carried out under such permission after the expiry of one year from the date of issue of such permission.
7. परियोजना के तहत प्रयोक्ता अभिकरण से प्राप्त धन केवल ई-पोर्टल (https://parivesh-nic-in/) के माध्यम से क्षतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन और योजना प्राधिकरण फंड में स्थानांतरित/ जमा किए जाएंगे।
8. एफआरए, 2006 का पूर्ण अनुपालन संबंधित जिला कलेक्टर से निर्धारित प्रमाण पत्र के माध्यम से सुनिश्चित किया जाएगा।
9. संरक्षित क्षेत्रों / वन क्षेत्रों में निश्चित दूरी पर सड़क के साथ गति विनियमन साइनेज लगाए जाएंगे।
10. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के अनुसार, उपयोगकर्ता अभिकरण पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करेगा।
11. केंद्र सरकार की पूर्वानुमति के बिना प्रस्ताव का ले-आउट प्लान नहीं बदला जाएगा।
12. वन भूमि पर कोई भी श्रमिक शिविर स्थापित नहीं किया जाएगा।
13. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा मजदूरों को राज्यीय वन विभाग अथवा वन विकास निगम अथवा वैकल्पिक ईंधन के किसी अन्य कानूनी स्रोत से पर्याप्त लकड़ी, विशेषतः वैकल्पिक ईंधन दिया जाएगा।
14. संबंधित प्रभागीय वनाधिकारी के निर्देशानुसार, प्रत्यावर्तित वन भूमि की सीमा को परियोजना लागत पर भूमि पर सीमांकन किया जाएगा।
15. परियोजना कार्य के निष्पादन के लिए निर्माण सामग्री के परिवहन के लिए वन क्षेत्र के अंदर कोई अतिरिक्त या नया मार्ग नहीं बनाया जाएगा।
16. इस अनुमोदन में प्रत्यावर्तन की अवधि को प्रयोक्ता अभिकरण के पक्ष में मिली लीज की अवधि के साथ अथवा परियोजना की पूर्ण अवधि के साथ, जो भी कम हो, लक्षित किया जाएगा।
17. वन भूमि का उपयोग परियोजना के प्रस्ताव में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के अतिरिक्त अन्य किसी प्रयोजन हेतु नहीं किया जाएगा।
18. केंद्र सरकार की पूर्वानुमति के बिना प्रत्यावर्तन हेतु प्रस्तावित वन भूमि किसी भी परिस्थिति में किसी भी अन्य एजेंसियों, विभाग अथवा व्यक्ति को हस्तांतरित नहीं की जाएगी।
19. इनमें से किसी भी शर्त का उल्लंघन वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 का उल्लंघन होगा एवं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के दिशानिर्देश फाइल संख्या 11-42/2017-FC दिनांक 29.01.2018 के अनुसार उस पर कार्रवाई होगी।
20. पर्यावरण, वन एव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण व विकास के हित में समय-समय पर निर्धारित शर्तें लागू होंगी।
21. The user agency shall carry out muck disposal at pre-designated sites in such a manner so as to avoid its rolling down. The dumping area for muck disposal shall be stabilized and reclaimed by planting suitable species by the user agency at the cost of project under the supervision of State Forest Department. Retaining walls terracing shall be carried out to hold the dumping material in place. Stabilization and reclamation of such dumping sites shall be completed before handing over the same to the State Forest Department in a time bound manner as per plan. Tree felling is not permitted in the muck disposal area and State Govt. will submit the list of trees separately, in muck disposal area.
22. यदि कोई अन्य सम्बन्धित अधिनियम/अनुच्छेद/नियम/न्यायालय आदेश/अनुदेश आदि इस प्रस्ताव पर लागू होते है तो उनके अधीन जरूरी अनुमति लेना राज्य सरकार/प्रयोक्ता एजेंसी की जिम्मेवारी होगी।
23. अनुपालना रिपोर्ट ई-पोर्टल (https://parivesh.nic/in/) पर अपलोड की जाएगी।

भवदीय,

(टी0 सी0 नौटियाल)
उप महानिरीक्षक, वन (के0)

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1. अपर वन महानिदेशक (एफ0सी0), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इन्दिरा पर्यावरण भवन, जोरबाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली।
2. अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरा नगर फारेस्ट कालोनी, देहरादून, उत्तराखण्ड।
3. आदेश पत्रावली।

(टी0 सी0 नौटियाल)
उप महानिरीक्षक, वन (के0)

I/28888/2023

अति महत्वपूर्ण / समयबद्ध

**उत्तराखण्ड ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण**
(ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन का अभिकरण)

प्रथम तल, पंचायतीराज निदेशालय,
आई०टी० पार्क के सामने, सहस्रधारा रोड, देहरादून.
दूरभाष : 0135-2608125, फैक्स : 2608126,
ईमेल : ut-urrda@pmgsy.nic.in,
urrda@yahoo.com.

सेवा में,

**मुख्य अभियन्ता,**
पी०एम०जी०एस०वाई०,
गढ़वाल क्षेत्र, देहरादून।

**मुख्य अभियन्ता,**
पी०एम०जी०एस०वाई०,
कुमाऊँ क्षेत्र, अल्मोड़ा।

**अधिशासी निदेशक,**
वाप्कोस लि०, 76–सी,
सैक्टर–18, गुरूग्राम, हरियाणा।

**क्षेत्रीय प्रबन्धक,**
एन०पी०सी०सी० लि०,
98–नेहरू कॉलोनी, देहरादून।

**महाप्रबन्धक (परियोजना),**
ब्रिडकुल, माजरा,
सहारनपुर रोड, देहरादून।

**जनरल मैनेजर (बी०डी०–एन०),**
ब्रिज एण्ड रूफ कं० (इंडिया) लि०,
बी–22, दूसरी मंजिल, हिमालय
हाऊस, 23, कस्तूरबा गांधी मार्ग,
नई दिल्ली।

विषयः **PMGSY-I&II के अन्तर्गत अवशेष कार्यों को मार्च, 2024 तक पूर्ण किये जाने के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भः **ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार का पत्रांक–P-17034/3/2015-RC (FMS-344707) दिनांक 08 जून, 2023।**

महोदय,

ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के माध्यम से PMGSY-I & II के समस्त अवशेष कार्यों को अन्तिम रूप से मार्च, 2024 तक पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये हैं, जिसके उपरान्त शेष बचे कार्यों पर होने वाले व्यय को राज्य सरकार द्वारा वहन किया जायेगा तथा सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।

अतः आप सभी से अपेक्षा है कि PMGSY-I & II के समस्त अवशेष कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कार्यों को भारत सरकार द्वारा अन्तिम रूप से विस्तारित समयसीमा मार्च, 2024 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें, जिससे राज्य सरकार पर अनावश्यक व्ययभार न आये।

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
2. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यू०आर०आर०डी०ए०, देहरादून।
3. अधीक्षण अभियन्ता / अधिशासी अभियन्ता, यू०आर०आर०डी०ए०, देहरादून।
4. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, पी०एम०जी०एस०वाई०, उत्तराखण्ड को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्तानुसार अवशेष कार्यों की निरन्तर समीक्षा करते हुए कार्यों को पूर्ण करायें।
5. समस्त अधिशासी अभियन्ता, पी०आई०यू० (पी०एम०जी०एस०वाई०), उत्तराखण्ड को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्तानुसार अवशेष कार्यों को निर्धारित तिथि तक पूर्ण करने हेतु व्यक्तिगत संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए कार्यों को पूर्ण करायें।
6. समस्त परियोजना अभियन्ता, पी०एस०यू०, उत्तराखण्ड को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्तानुसार अवशेष कार्यों को निर्धारित तिथि तक पूर्ण करने हेतु व्यक्तिगत संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए कार्यों को पूर्ण करायें। ।

**Signed by Ravi Pratap Singh**
**Date: 20-07-2023 13:47:58**

मुख्य अभियन्ता
यू०आर०आर०डी०ए०



Generated from eOffice by Narendra Tomar(CO-URRDA-NT), COMPUTER OPERATOR, DEPT URRDA on 21/07/2023 04:50 pm

## वन संरक्षण अधिनियम 1980 का उल्लंघन न होने का प्रमाण पत्र

**परियोजना का नाम : जनपद चमोली में पी एम जी एस वाई के अंतर्गत धुर्मा-कुण्डी मोटर मार्ग के कि. मी. 2 से मोख मल्ला तक मोटर मार्ग का निर्माण (स्टेज—I)**

प्रमाणित किया जाता है कि प्रश्नगत परियोजना के निर्माण हेतु आवेदित वन भूमि पर वन संरक्षण अधिनियम 1980 का उल्लंघन नहीं हुआ है।

**कनिष्ठ अभियंता**
**एन पी सी सी**

**प्रबंधक**
**एन पी सी सी**
PMGSY WORKS
NPCC Ltd. Chamoli (U.K.)

प्रभागीय वनाधिकारी

प्रभागीय वनाधिकारी
बद्रीनाथ वन प्रभाग गोपेश्वर
(चमोली)

।। कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर ।।
E-Mail:- dfo_badrinath_uta@yahoo.co.in Phone No :- 01372-252175

पत्रांकः 475 / 12-1 दिनांक, गोपेश्वर, 01/08 /2023

सेवा में,

प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषयः– **प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत धुर्माकुण्डी किमी0 02 से मोखमल्ला मोटर मार्ग के वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव के सम्बन्ध में।**

संदर्भः– **प्रबन्धक, एन0पी0सी0सी0 लि0, कर्णप्रयाग की पत्र सं0 एनपीसीसी/पीएमजीएसवाई/220 दिनांक 30.074.2024.**

महोदय,

प्रबन्धक, एन0पी0सी0सी0 लि0, कर्णप्रयाग के उपरोक्त संदर्भित पत्र से विषयांकित मोटर मार्ग के संरेखण की संशोधित के0एम0एल0 फाईल की डिजिटल मैप इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है, उक्त के0एम0एल0 फाईल की डिजिटल मैप संलग्न सहित आपको प्रेषित की जा रही है।

अतः आपसे अनुरोध है कि प्रकरण में यथोचित कार्यवाही करने की कृपा करे।

**संलग्नः– उपरोक्तानुसार।**


भवदीय,

(सर्वेश कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी,
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।

पत्रांकः– / **दिनांकित।**

**प्रतिलिपिः–** प्रबन्धक, एन0पी0सी0सी0लि0, कर्णप्रयाग को उपरोक्त संदर्भित पत्र के क्रम में उपरोक्तानुसार सूचनार्थ प्रेषित।

**(सर्वेश कुमार)**
प्रभागीय वनाधिकारी,
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।




प्रभागीय वनाधिकारी
केदारनाथ वन प्रभाग गोपेश्वर
(चमोली)

वन क्षेत्राधिकारी
नन्दप्रयाग रेंज
केदारनाथ वन प्रभाग गोपेश्वर

वरिष्ठ अभियन्ता
एन०पी०सी०सी०लि०
नन्दप्रयाग

प्रबन्धक
एन०पी०सी०सी०लि०
पी०आई०यू० नन्दप्रयाग

भीमलाल कोहली
उपराजिक

हरीश सिंह भण्डारी
ग्रा० प्र०... मोख...
तहसील ... घाट...
जिला चमोली

वन क्षेत्राधिकारी
चमोली रेंज
केदारनाथ वन प्रभाग गोपेश्वर

उप जिलाधिकारी (सदर)
चमोली